# राजस्थान समसामयिकी जनवरी, 2026

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान की आर्थिक समीक्षा एवं बजट का सार संग्रह;
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राजस्थान समसामयिकी जनवरी, 2026
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 2 January, 2026

- **परिवहन विभाग ने गिग वर्कर्स के लिए एग्रीगेटर पॉलिसी लागू की; वाहन मालिक को किराए का 80 फीसदी मिलेगा–**

प्रदेश में गिग वर्कर्स के लिए परिवहन विभाग ने एग्रीगेटर पॉलिसी लागू कर दी है। विभाग संयुक्त शासन सचिव एवं अतिरिक्त आयुक्त, परिवहन के द्वारा नोटिफिकेशन जारी करने के बाद अब प्रदेश में कैब कंपनियों को नियमों के तहत काम करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना भरना होगा। लाइसेंस भी निरस्त होगा। अब किराया सरकार तय करेगी। किराए की 80% राशि वाहन मालिक को जाएगी। यदि कोई यात्रा बिना उचित कारण रद्द की जाती है, तो ड्राइवर या यात्री पर अधिकतम 100 रुपए तक पेनल्टी लगाई जा सकेगी। यात्रियों की सुरक्षा के लिए 24 × 7 सक्रिय कंट्रोल रूम और कॉल सेंटर खोलना अनिवार्य होगा। ऐप के माध्यम से यात्री अपनी लाइव लोकेशन साझा कर सकेंगे ओर आपात स्थिति में पैनिक अलर्ट सीधे पुलिस और कंट्रोल रूम तक पहुँचेगा। कंपनियों को पाँच वर्ष के लिए लाइसेंस दिया जाएगा।

## Newspaper of 6 January, 2026

- **पीएम सूर्यघर योजना को बढ़ावा देने वालों को पीएम सूर्यघर योद्धा पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके लिए व्यक्ति, कंपनी या संस्था को राजस्थान सोलर एसोसिएशन (आरएसए) की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। बाद में भारत रिन्युएबल एक्सपो में इनको पुरस्कृत किया जाएगा। एक्सपो में पीएम सूर्यघर पैवेलियन बनाए जाएँगे। इस पुरस्कार देने का मकसद लोगों को रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट लगाने को प्रेरित करना है।**
- **सोलहवीं राजस्थान विधानसभा का पंचम अधिवेशन 28 जनवरी, 2026 से शुरू होगा। इस अधिवेशन के संबंध में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने अधिसूचना जारी कर दी है। लगभग 1 माह तक चलने वाले इस सत्र में राज्य का वर्ष 2026-27 बजट भी प्रस्तुत होगा। सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी।**

## Newspaper of 7 January, 2026

- **जयपुर में बनेगा डेटा सेंटर, 10 लाख को एआई ट्रेनिंग–**

राजस्थान का बड़ा डेटा सेंटर जयपुर में बनेगा। इस सेंटर का जल्दी ही भूमि पूजन किया जाएगा। इसकी घोषणा VC द्वारा आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की विकसित राजस्थान के लक्ष्यों को हासिल करने में एआई मददगार होगा। सरकार स्टार्टअप के लिए बेहतर ईको सिस्टम विकसित कर रही है। एआई-एमएल पॉलिसी से तकनीक अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और निजता संरक्षित बनेगी। इससे सरकारी सेवाएँ तेज, नागरिक-केन्द्रित और भरोसेमंद होंगी। इसमें एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना होगी।

राजस्थान में 6 करोड़, 50 लाख से अधिक मोबाइल उपयोगकर्त्ता हैं और हर माह औसतन 81 करोड़ रुपए से अधिक के यूपीआई लेनदेन हो रहे हैं। ऑनलाइन सेवाओं के बढ़ते उपयोग को देखते हुए साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए **ऑपरेशन एंटी वायरस के** माध्यम से अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## Newspaper of 8 January, 2026

- **'नागौरी अश्वगंधा' को जीआई टैग मिला–**

नागौर की मिट्टी की खुशबू अब दुनिया भर में औषधीय ताकत का लोहा मनवाएगी। लंबे इंतजार के बाद, राजस्थान के गौरव 'नागौरी अश्वगंधा' को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाते हुए जीआई टैग का कवच मिल गया है।

यह प्रमाण-पत्र भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के चेन्नई स्थित भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने जारी किया। इसके लिए नागौरी वेलफेयर सोसाइटी, अमरापुरा की अध्यक्ष पारुल चौधरी वर्ष 2023 से प्रयासरत थी। इन्होंने प्रगतिशील किसानों को एकजुट किया तथा औषधीय एवं सुगंधित पादप अनुसंधान निदेशालय (आईसीएआर) के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पी. एल. सरन के तकनीकी मार्गदर्शन से इस कार्य में सफलता हासिल की।

नागौरी अश्वगंधा राज्य का 22वाँ जीआई टैग उत्पाद है, जबकि कृषि क्षेत्र में दूसरा, जिसे जीआई टैग प्रदान किया गया है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**जीआई टैग का महत्व–**जीआई टैग मिलने से नागौरी अश्वगंगधा से जुड़ी क्षेत्रीय पहचान और पारंपरिक ज्ञान की रक्षा होगी। इससे गुणवत्ता आश्वासन और उत्पाद की पहचान होने के साथ किसानों की आय और बाजार मूल्य में वृद्धि होगी तथा औषधीय फसल की टिकाऊ और क्षेत्र-विशिष्ट खेती को बढ़ावा मिलेगा।

**अद्वितीय पादप भौगोलिक पहचान–**नागौरी अश्वगंधा का प्राकृतिक विस्तार पश्चिमी और मध्य राजस्थान में है। इसमें नागौर जिले के साथ बीकानेर, चूरू, बाड़मेर, सीकर और जोधपुर के आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। यह फसल शुष्क से अर्ध-शुष्क अनुकूल विकसित हुई है। व्यावसायिक खेती वर्तमान में नागौर, कुचामन, लाडनूं, बिदासर, डूंगरगढ़, नोखा और आसपास के क्षेत्रों के किसान समूहों तक ही सीमित है।

## Newspaper of 12 January, 2026

- **11 जनवरी, 2026 को दो बार मेडल दिलाने वाले अन्तरराष्ट्रीय निशानेबाज पूनम चौधरी का निधन हो गया। उन्होंने वर्ष 2001 में कॉमनवेल्थ शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने के साथ अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर दो मेडल अपने नाम किए थे। उन्होंने निशानेबाजी में कुल 88 मेडल जीते, जिनमें से 86 नेशनल मेडल थे, जिनमें 17 स्वर्णपदक शामिल हैं। राजस्थान सरकार ने वर्ष 2018 में उन्हें महाराणा प्रताप अवॉर्ड से सम्मानित किया था।**

- **राजस्थान पुलिस के 'नजर ऐप' को राष्ट्रीय सम्मान 'स्कॉच अवार्ड' मिला–**

हाल ही में राजस्थान पुलिस की जनोपयोगी पहल 'नजर ऐप' को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। किराएदार, ड्राइवर और घरेलू सहायकों के सत्यापन को आसान और पारदर्शी बनाने वाले ऐप के लिए स्कॉच फाउंडेशन ने जयपुर पुलिस को टेक्नॉलोजी इनोवेशन कैटेगरी में स्कॉच अवार्ड से सम्मानित किया है। यह अवार्ड 10 जनवरी, 2026 को नई दिल्ली में 'नजर ऐप' के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले तत्कालीन एडिशनल कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने ग्रहण किया।

## Newspaper of 16 January, 2026

- **15 जनवरी, 2026 को जयपुर में 78वें सेना दिवस के अवसर पर पहली बार सेना दिवस की मुख्य परेड़ आर्मी केंट के बाहर जयपुर के महल रोड पर की गई–**

भारतीय सेना ने 78वें सेना दिवस के अवसर पर धोरों की धरती पर अपनी परिचालन क्षमता, युद्धक तैयारी और स्वदेशी तकनीकी सशक्तता का ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। खास बात यह रही कि 78 वर्षों में पहली बार सेना दिवस की मुख्य परेड आर्मी कैंट से बाहर आमजन के बीच आयोजित की गई। राजधानी जयपुर के हरे कृष्णा मार्ग (महल रोड़) पर करीब डेढ़ लाख लोगों की मौजूदगी में आयोजित इस परेड ने देश की सैन्य शक्ति, अनुशासन और आत्मनिर्भरता का सशक्त संदेश दिया।

परेड के दौरान भारतीय सेना ने अपनी अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों और युद्धक टुकड़ियों का प्रदर्शन किया। इसमें जगुआर फाइटर जेट, ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर, टैंक, रोबोटिक डॉग्स, एयर डिफेंस सिस्टम तथा भैरव बटालियन को प्रस्तुत किया गया।

सेना दिवस परेड के दिन ही सायंकाल जयपुर के सवाई मानसिंह (SMS) स्टेडियम में शौर्य सन्ध्या का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय सेना का शौर्य, पराक्रम और आधुनिक ताकत का भव्य प्रदर्शन किया गया। जयपुर के भवानी निकेतन शिक्षण संस्थान में सेना दिवस परेड से संबंधित/ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन किया गया।

- **राष्ट्रमंडल देशों के लोकसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों का 28वाँ सम्मेलन शुरू हुआ–**

16 जनवरी, 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रमंडल देशों के लोकसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन का उद्घाटन किया और कहा कि भारत ने अपनी डायवर्सिटी को लोकतंत्र की ताकत बना दिया। मोदी ने संविधान सदन के ऐतिहासिक केन्द्रीय कक्ष में करीब 42 देशों के सदनों के पीठासीन अधिकारियों से कहा कि जब भारत आजाद हुआ, तो उस दौर में ये आंशका व्यक्त की गई थी कि इतनी विविधता (डायवर्सिटी) वाले भारत में लोकतंत्र टिक नहीं पाएगा। लेकिन डायवर्सिटी डेमोक्रेसी की ताकत बन गई। उन्होंने कहा कि एक आशंका यह भी थी कि यदि लोकतंत्र जैसे-तैसे टिक भी गया तो भारत किसी भी हालत में विकास नहीं कर पाएगा। लेकिन भारत ने साबित किया कि लोकतांत्रिक संस्थाएँ और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएँ स्टेबिलिटी, स्पीड और स्केल तीनों देते है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है।

सम्मेलन में राष्ट्रमंडल देशों और 4 अर्ध-स्वायत्त संसदों से 45 स्पीकर और 16 डिप्टी स्पीकर शामिल हो रहे हैं।

## Newspaper of 18 January, 2026

- **कुंभलगढ़ अभयारण्य के चारों ओर एक किमी का इको-सेंसिटीव जोन घोषित किया गया–**

हाल ही में केन्द्र सरकार के केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर कुंभलगढ़ अभयारण्य के चारों ओर एक किलोमीटर क्षेत्र को

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

पारिस्थितिकी संवेदी जोन (इको-सेंसिटीव जोन) घोषित कर दिया। इसके साथ ही इस पूरे क्षेत्र में औद्योगिक, वाणिज्यिक गतिविधियों और होटल-रिसोर्ट के नए निर्माण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लागू हो गया है।

अधिसूचना के अनुसार कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य तीन जिलों राजसमंद, पाली और उदयपुर में फैले 6,10,528 वर्ग किमी. क्षेत्र में विस्तृत है। इसके चारों ओर 243 किलोमीटर लंबा इंको-सेंसिटिव जोन तय किया गया है, जिसमें तीनों जिलों के कुल 94 गाँव शामिल है।

**भूमि उपयोग परिवर्तन कर–**

- भूमि उपयोग परिवर्तन कर वाणिज्यिक गतिविधियाँ नहीं होगी।
- प्रदूषण फैलाने वाले नए उद्योगों को अनुमति नहीं।
- नए और मौजूदा खनन, पत्थर उत्खनन व क्रशर इकाइयों पर रोक।
- नए होटल, रिसोर्ट और व्यापारिक प्रतिष्ठानों की स्थापना पर प्रतिबंध।

**Newspaper of 22 January, 2026**

## पीएम-कुसुम योजना में राजस्थान डिस्कॉम्स को गोल्ड अवॉर्ड–

हाल ही में केन्द्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने राजस्थान को पीएम किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान के कम्पोनेंट-सी में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए राजस्थान डिस्कॉम्स को गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया। राजस्थान डिस्कॉम्स की अध्यक्ष आरती डोगरा ने नई दिल्ली में आयोजित ऑल इण्डिया डिस्कॉम्स एसोसिएशन के वार्षिक सम्मान समारोह में यह पुरस्कार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में कंपोनेट-ए एवं कम्पोनेट-सी में 2877 मेगावॉट के कुल 1307 विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।

## राजस्थान सरकार कैबिनेट की बैठक में महत्त्वपूर्ण फैसले लिए गए; रक्षा, एयरोस्पेस, सेमीकंडक्टर में निवेश का नया रास्ता, कई बड़ी छूटें–

राजस्थान ने औद्योगिक विकास की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पहली बार एयरोस्पेस, रक्षा और सेमीकंडक्टर पॉलिसी को मंजूरी दी है। सरकार का लक्ष्य राजस्थान को रक्षा और एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा केन्द्र बनाने के साथ-साथ सेमीकंडक्टर डिजाइन से लेकर निर्माण तक का संपूर्ण इकोसिस्टम विकसित करना है। उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि पहली बार लाई गई, इन नीतियों से प्रदेश में एयरोस्पेस व डिफेंस पार्क, सेमीकंडक्टर पार्क, चिप डिजाइन और इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। राज्य सरकार इन पॉलिसी के तहत ट्रेनिंग लागत की 50% सब्सिडी देगी।

**पहली बार ये तीन नीतियाँ**

**1. एयरोस्पेस, 2. रक्षा नीति–**

- विमान, यूएवी (मानवरहित हवाई वाहन), मिसाइल, एबियोनिक्स, डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स, एमआरओ (मेंटीनेंस, रिपयेर एंड ऑपरेशंस) और प्रिसिजन इंजीनियरिंग निर्माण वाली इकाइयाँ स्थापित होंगी।
- रिसर्च एंड डवलपमेंट सेंटर व प्रशिक्षण संस्थान शामिल होंगे।
- बंदूक व आर्मर्ड वाहन बनाने की यूनिट लगाई जाएंगी।

**3. सेमीकंडक्टर पॉलिसी–**

- चिप का पूरा सिस्टम विकसित होगा।
- चिप डिजाइन, असेंबली, टेस्टिंग और पैकेजिंग जैसी सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन डवलप होगी।
- विश्व-स्तरीय सेमीकंडक्टर पार्क विकसित होगा।
- रिसर्च, डवलपमेंट, तकनीकी कौशल और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर को बढ़ावा।

**ये देंगे छूट–**

- 7 वर्षों तक राज्य कर का 75% पुनर्भरण।
- पहली मेगा और अल्ट्रा मेगा इकाइयों के लिए विशेष बूस्टर, भूमि भुगतान में छूट आदि।
- बिजली शुल्क, मंडी शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी और रूपांतरण शुल्क में राहत।

**ये मिलेगी राहत–**

- 7 वर्ष तक बिजली शुल्क में पूर्ण छूट, स्टाम्प शुल्क और भू-रूपांतरण शुल्क में राहत मिलेगी।
- केन्द्र से मिलने वाली पूंजी सब्सिडी के 60 प्रतिशत के बराबर अनुदान राज्य सरकार देगी।
- टर्म लोन पर ब्याज अनुदान, कौशल प्रशिक्षण आदि लाभ देंगे।

**Newspaper of 26 January, 2026**

## पद्मश्री पुरस्कार (राजस्थान के 3 विजेता) इस वर्ष राजस्थान की तीन हस्तियों को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है–

**गफूरूद्दीन मेवाती जोगी (कला-भपंग वादन)**

- **निवासी**–मूलत: कैथवाड़ा (डीग), वर्तमान में अलवर।
- **विशिष्टता**–वे 'पांडून का कड़ा' विधा के एकमात्र जीवित कलाकार माने जाते हैं।
- **योगदान**–उन्हें महाभारत पर आधारित 2500 से अधिक दोहे कंठस्थ हैं। वे विलुप्त होती मेवाती लोक-परंपराओं को जीवित रखे हुए हैं। (पूर्व में राष्ट्रपति पुरस्कार-2024 विजेता)।

**तगा राम भील (कला-अलगोजा वादन)**

- **निवासी**–मूलसागर, जैसलमेर।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **विशिष्टता**–इन्हें 'अलगोजा का जादूगर' कहा जाता है। वे पिछले 55 वर्षों से इस वाद्य यंत्र को बजा रहे हैं और राजस्थानी लोक संगीत को नई ऊँचाइयों पर ले गए हैं।

**स्वामी ब्रह्मदेव महाराज (समाज सेवा)**

- **कार्यक्षेत्र**–श्रीगंगानगर।
- **योगदान**–इन्होंने 'श्री जगदंबा अंध विद्यालय' और 'मूक बधिर विकलांग संस्थान' की स्थापना की है। वे दिव्यांगजनों के कल्याण और पुनर्वास के लिए समर्पित हैं।

## Newspaper of 28 January, 2026

■ **देश का चौथा स्वदेशी परमाणु रिएक्टर मई में ग्रिड से जुड़ेगा; रावतभाटा में इकाई 9-10 को मंजूरी–**

देश के चौथे स्वदेशी तकनीक से निर्मित राजस्थान परमाणु विद्युत परियोजना की इकाई-8 की पहली क्रिटिकलिटी अप्रेल माह में होगी। मई में इकाई-8 को सिंक्रोनाइज कर ग्रिड से जोड़ दिया जाएगा। रावतभाटा साइट का विस्तार होने जा रहा है। 700-700 मेगावाट की प्रेशराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर इकाई 9-10 को सरकार ने मंजूरी दे दी है।

न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्प्लेक्स द्वारा मॉड्यूल-2 में फ्यूल बंडल का उत्पादन कर इकाई-7 को आपूर्ति की जा रही है। मॉड्यूल-1 में उत्पादन शुरू कर दिया गया है, इसके लिए उज्बेकिस्तान से 250 मैट्रिक टन यूरेनियम मंगवाया गया है। परमाणु बिजलीघर की इकाई 3 व 4 ने 92.57 फीसदी उपलब्धता हासिल कर वानो रेटिंग-2 और राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए। इकाई 5 व 6 ने लगातार 579 दिनों तक संचालन का रिकॉर्ड बनाया।

## Newspaper of 30 January, 2026

■ **वन्दे मातरम् @150 कार्यक्रम के तहत 26 जनवरी को सेल्फी अपलोड में राजस्थान देश में प्रथम रहा। वहीं गणतंत्र दिवस परेड में बीकानेर की उस्ता कला आधारित झांकी 'गोल्डन टच ऑफ द डेजर्ट' को माय गवर्नमेंट पोर्टल पर पॉपुलर चॉइस अवार्ड मिला।**

## Newspaper of 31 January, 2026

■ **बामनवास कांकर : राजस्थान की पहली 'पूर्णतः जैविक' ग्राम पंचायत बनी–**

कोटपूतली-बहरोड़ जिले की बामनवास कांकर पंचायत आधिकारिक तौर पर राजस्थान की पहली पूर्णतः जैविक प्रमाणित ग्राम पंचायत बन गई है। यह केवल राजस्थान ही नहीं, बल्कि उत्तर-पश्चिम भारत की भी पहली पूर्ण जैविक-प्रमाणित ग्राम निकाय है।

**प्रमाणन** : इसे NPOP (National Programme for Organic Production) और COFED (Confederation of Organic Societies and Producer Companies) के मानकों के तहत प्रमाणित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि यहाँ की 1500 हेक्टेयर कृषि भूमि और 6000 से अधिक पशुधन को जैविक प्रमाण-पत्र मिला है। यानी यहाँ न तो खेतों में रसायन डलेंगे और न ही पशुओं को रासायनिक चारा दिया जाएगा।

□□□

संजीव प्रकाशन
संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®


**50 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## कैलाश नागौरी की प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा हेतु हिन्दी की उपयोगी पुस्तकें




## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें




संजीव प्रकाशन

Join Our App

संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

**प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर**

Visit us at : www.sanjivprakashan.com